बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)कटिहार–03/2023 13706 पटना, दिनांक:– 11/09/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, कटिहार के पत्रांक 687 दिनांक 08.07.2023 द्वारा श्री विजय कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN04109) के विरूद्ध पिछले एक वर्ष से बिना सूचना के कार्यक्षेत्र से लापता रहने का प्रतिवेदन दिया गया है। साथ ही यह भी प्रतिवेदित किया गया है कि ये पुनः विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के पद पर नियोजन हेतु दिनांक 28.06.2024 को अपने पद से त्याग पत्र दिया गया है जबकि नव नियोजन हेतु पूर्व सूचना नहीं दी गयी है। फलस्वरूप संविदा नियोजन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप के पत्रांक 13156 दिनांक 05.08.2024 द्वारा श्री कुमार से 07 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण में इनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनके द्वारा दिनांक 25.05.2023 को बंदोबस्त कार्यालय में त्याग पत्र दिए थे, जिन्हें लेने से इंकार कर दिया गया। पुनः इनके द्वारा दिनांक 18.08.2023 को त्याग पत्र दिया गया, जिसकी प्राप्ति इन्हें नहीं दी गयी है। साथ ही उल्लेख किया गया है कि इन्हें नव नियोजन हेतु NOC भी दिया गया है। स्पष्टीकरण के साथ इनके द्वारा साक्ष्य संलग्न किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप एवं प्राप्त स्पष्टीकरण के साथ संलग्न साक्ष्य की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत चूंकि इन्हें नवनियोजन पद हेतु बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्र के आलोक में ही NOC दिया गया है, इस परिपेक्ष्य में संलग्न साक्ष्यों के आधार पर श्री कुमार को स्पष्टीकरण में उल्लेखित प्रथम बार दिए गए त्याग पत्र की तिथि दिनांक 25.05.2023 से इनका त्याग पत्र स्वीकृत किया जाता है।

2. त्याग पत्र इस शर्त्त के साथ स्वीकृत किया जा रहा है कि विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के पद पर आवंटित जिला में योगदान स्वीकृति के उपरांत यदि उनका पूर्व धारित पद का कार्य लंबित है, तो उक्त परिस्थिति में उन्हें पूर्व धारित पद का लंबित कार्य भी निष्पादन करना होगा। इस कार्य हेतु आवश्यकतानुसार इन्हें R2R सॉफ्टवेयर अन्तर्गत Login ID की सुविधा दी जाएगी।

11/9/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)कटिहार–03/2023 13706 **पटना, दिनांक** 11/09/2024

प्रतिलिपि :– श्री विजय कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN04109), बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)कटिहार–03/2023 13706 **पटना, दिनांक** 11/09/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)कटिहार–03 / 2023 13706 पटना, दिनांक :– 11/09/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इनकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/9/2024

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप